# Role of AI in Women Empowerment Through Good Governance

Dr. Dimple Kumari, Assistant Professor, Sociology, Govt. College Bhadra (Hanumangarh), Email ID- diimpii@gmail.com

## Abstract

महिला सशक्तिकरण और सुशासन का सीधा संबंध समाज की प्रगति और समृद्धि से है। वर्तमान समय में, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभर कर सामने आई है, जो महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। (AI) के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, और आर्थिक सशक्तिकरण में सहायता मिल सकती है। उदाहरण स्वरूप, (AI) आधारित प्लेटफॉर्म्स महिलाओं को डिजिटल शिक्षा प्रदान कर सकते हैं, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकती हैं। इसके अलावा, (AI) तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाती है, जिससे महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकती हैं। रोजगार के क्षेत्र में भी, एआई महिलाओं को स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर प्रदान करता है। सुशासन के सिद्धांतोंकृजैसे पारदर्शिता, जवाबदेही, और समानताकृके आधार पर एटझर्ठ महिलाओं के सशक्तिकरण को गति दे सकता है। जब सरकारें और संस्थाएँ (AI) तकनीक का उपयोग करते हुए महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देती हैं, तो यह न केवल उनकी सामाजिक स्थिति को सुधारता है, बल्कि समाज के विकास में भी योगदान करता है। इस प्रकार, (AI) के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और सुशासन का सम्मिलित प्रयास समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकता है।